दिन– रविवार दिनांक– 25 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा की।

03. प्रदेश में गंगा, गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि जारी। कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, गया और मुंगेर समेत बीस जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट किया जारी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है, जिसमें पेंशन की गारंटी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी।

———बाईट———

इसके अलावा, कर्मचारी के निधन के बाद परिवार को साठ प्रतिशत पेंशन मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि न्यूनतम दस वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। सुनिश्चित पेंशन, परिवार पेंशन और न्यूनतम पेंशन पर महंगाई भत्ता भी देय होगा जो अखिल भारतीय उपभोक्ता

मूल्य सूचकांक पर आधारित होगा। सेवानिवृत्ति पर उपादान यानी ग्रैच्युटी के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग तेईस लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार नीति के लिए अर्थव्यवस्था, पर्यावरण तथा नियोजन नीति संबंधी जैव–प्रौद्योगिकी नीति को स्वीकृति दी गई है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए जैव विनिर्माण, जैव यांत्रिक बुद्धिमत्ता केंद्र और जैव फाउंड्री की स्थापना करना है। इससे देश में कुशल कर्मियों की संख्या बढ़ेगी और रोज़गार सृजन होगा। इसके अलावा, कार्बन से मुक्ति और पर्यावरण अनुकूल जीवन–शैली संबंधी सरकारी पहलों को भी बढ़ावा मिलेगा।

–––बाईट–––

मंत्रिमंडल ने तीन प्रमुख योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी भी दी है जिन्हें विज्ञान धारा योजना में मिला दिया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके लिए दस हजार पांच सौ उनासी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

––– बाईट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की योगदान की प्रशंसा की है। एकीकृत पेंशन योजना पर मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद, सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से सरकारी कर्मचारियों की मर्यादा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के प्रति संकल्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान धारा के संबंध में मंत्रिमंडल के निर्णय से युवाओं में नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और नियोजन संबंधी जैव–प्रौद्योगिकी नीति से जैव–विनिर्माण में देश की क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे वैज्ञानिक, औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को बढावा मिलेगा।

---

जनता दल यूनाइटेड की नई प्रदेश कमिटी का गठन कर दिया गया है। नई कमिटी में दस उपाध्यक्ष, उनचास महासचिव, छियालीस सचिव, नौ प्रवक्ता और एक कोषाध्यक्ष समेत एक सौ पन्द्रह सदस्यों को शामिल किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर दी है। कमिटी में पूर्व सांसद महाबली सिंह, एमएलसी संजय सिंह, पूर्व एमएलसी हारून रशीद को प्रदेश उपाध्यक्ष

बनाया गया है। ललन कुमार सर्राफ कोषाध्यक्ष बनाए गए है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में गठित जदयू की जम्बो प्रदेश कमिटी की तुलना में यह छोटी प्रदेश कमिटी है।

---

शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को स्थिति के अनुसार स्कूलों को बंद करने के संबंध में स्वविवेक से निर्णय लेने का अधिकार दिया है। विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि आपदा प्रबंधन के सुसंगत प्रावधानों के तहत जिलाधिकारी स्वयं आदेश निर्गत कर सकते है।

---

राज्य की अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से उनचास सेंटीमीटर और हाथीदह में सैंतीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से अट्ठासी सेंटमीटर ऊपर है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में बत्तीस सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर है। बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से एक सौ आठ सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से एक सौ दो सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर कटिहार के कुर्सेला में चौरासी सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

---

इधर, भागलपुर जिले के सबौर, सुल्तानगंज और कहलगांव प्रखंड में कई गांवों में पानी फैल गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नवादा जिले के गोविंदपुर की पहाड़ियों पर स्थित ककोलत जलप्रपात में एक बार फिर ज्यादा पानी आने से जिला प्रशासन ने सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगा दिया है। इधर, बांका में ओढ़नी नदी पर बना डायर्वजन ध्वस्त होने से राज्य उच्च पथ संख्या पच्चीस पर आवागमन बाधित हो गया है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि पटना, गया और मुंगेर समेत

बीस जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईस———

वहीं, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और गोपालगंज जिले में कई स्थानों पर अगले दो दिनों के दौरान बारिश हो सकती है। राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की पांचवें चरण की परीक्षा आज प्रदेश के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे तक ली जायेगी। अभ्यर्थियों को केन्द्रों में प्रवेश साढ़े दस बजे तक दिया जायेगा। पुलिस मुख्यालय के निगरानी में परीक्षा की शांतिपूर्ण आयोजन के लिए तैयारियां की गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन कुल छह चरणों में किया जा रहा है।

————————————————————

राजधानी पटना में बीस किलोमीटर खेलो इंडिया महिला रोड साइकलिंग में बिहार की बेबी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश की अनिता मिश्रा रहीं। वहीं, पटना के दानापुर स्थित भारतीय सेना के बिहार रेजिमेंटल सेंटर में डुंग–डुंग इंटर क्लब हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में सिमडेगा ने हजारीबाग को एक के खिलाफ दो गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। क्षितिज बारा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, एंथनी पुरती को मैन ऑफ द मैच और सावन कुमार सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गये।

————————————————————

पटना जिले के विभिन्न थानों क्षेत्रों में पिछले चौबीस घंटो के दौरान सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में नौबतपुर में चार, फुलवारीशरीफ, बिहटा, खगौल, अथमलगोला और मोकामा में एक–एक व्यक्ति शामिल हैं।

————————————————————

मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक सौ तीस लीटर महुआ शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बालू लदे एक नाव के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

जमुई जिले में स्थित सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने शिक्षकों के द्वारा मोबाइल छीन लिये जाने के खिलाफ विद्यालय में तोड़फोड़ किया। बाद में छात्र धरने पर बैठ गये। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि छात्रों के मोबाईल रखने पर प्रतिबंध है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने स्थिति को सामान्य कराया।

---

पटना जंक्शन पर यात्री से अवैध राशि वसूलने के मामले में रेल एसपी ने जीआरपी थानेदार सहित पांच पुलिस कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

---

पटना जिले के दीघा थाना क्षेत्र की पुलिस ने रूपये दोगुना करने के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो चारपहिया वाहन और तीन मोबाईल जब्त किया है।

---

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने बत्तीस किलो चांदी के आभूषण को बरामद किया है।

---

बेगूसराय जिले के छौराही थाना क्षेत्र में नारायण पीपर परोड़ा सड़क पर अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रीय कर्मचारियों को पेंशन दिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– केन्द्रीय कर्मियों को पेंशन की गारंटी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– मूल वेतन को पचास प्रतिशत सुनिश्चित होगी पेंशन।

प्रभात खबर ने पूर्णियां में बन रहे हवाई अड्डे पर लिखा है– पूर्णियां के चूनापुर सैन्य हवाई अड्डे से उड़ेगा नागरिक विमान। सीएम ने लिया जायजा।

दैनिक भास्कर ने शिक्षकों के तबादले से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– महिला शिक्षकों की संख्या अधिक, इसलिए ट्रांसफर पॉलिसी लागू होने में देरी।

आज अखबार ने बिहार में जदयू के नई कमिटी के गठन और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के दिसम्बर से शुरू किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा की।

03. प्रदेश में गंगा, गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि जारी। कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, गया और मुंगेर समेत बीस जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट किया जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।